तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 17 मई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 निर्धारित अवधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें निर्माण कार्य : चंद्रवाल



11 नहीं मिल रहे छात्र, अब ईवेंट मैनेजमेंट और कंप्यूटर ...



## खबर संक्षेप

### सीईओ ने ली बैंक लिंकेज एवं आजीविका गतिविधियों संबंधी बैठक



**बेमेतरा।** जिला पंचायत सभा कक्ष में टेकचंद अग्रवाल सीईओ जिला पंचायत द्वारा एनआरएलएम योजना की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में मुख्य रूप से लोकोस ऐप में प्रगति, परिवार समावेशन, बैंक लिंकेज, बीमा, पेंशन एवम आजीविका गतिविधियों के संबंध में समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त सभी पंचायतों में स्वसहायता समूहों को स्वच्छताग्राही के रूप में कार्य करते हुए साफ सफाई रखने निर्देशित किया गया। श्रम विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस संबंध में अधिक से अधिक महिला स्वसहायता समूहों के सदस्यों को पंजीकृत करने के लिए निर्देशित किया गया।

### नांदघाट से लेकर दाढ़ी तक अवैध ईंट भट्ठों की भरमार



**बेमेतरा।** दाढ़ी से लेकर नांदघाट तक अवैध रूप से ईंट बनाने का कार्य जोरों से चल रहा है। कार्रवाई नहीं होने से भट्ठा संचालकों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीण एवं पर्यावरण प्रेमी दिलीप कुमार, अजय विश्वकर्मा का कहना है कि प्रशासन इन पर कार्रवाई नहीं कर रहा है। दरअसल प्रशासन द्वारा लाल ईंट को पर्यावरण के लिए खराब मानते हुए इसके निर्माण, परिवहन व बिक्री पर सख्त प्रतिबन्ध लगाया गया है। कार्रवाई नहीं होने से गाँव-गाँव लाल ईंट के भट्ठे क्षेत्र की मिट्टी, लकड़ी, पानी का दुरुपयोग कर लगाए जा रहे हैं। साथ ही इस गतिविधि में मज़दूरों से जुड़े नियमों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। वहीं, खनिज विभाग कर्मचारियों की कमी का हवाला देकर कार्रवाई नहीं कर रहा है।

### सेजेस मारो में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए 50 छात्र-छात्राओं का चयन



**बेमेतरा/नवागढ़।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय मारो में छात्र चयन 2024- 25 प्रक्रिया नगर पंचायत अध्यक्ष धनलाल देशलहरे, इंजीनियर उमाशंकर सिंह की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस दौरान प्राचार्या सरिता गुप्ता,व्याख्याता छेदु सिंह ठाकुर व शिक्षक, अभिभावक उपस्थित रहे। सर्वप्रथम माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद संस्था प्राचार्या श्रीमती गुप्ता ने चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा पहली में 50 सीटों के लिए कुल 60 आवेदन आए। जिनमें 8 आवेदन दोबारा भरे जाने के कारण तथा 2 आवेदन छात्रों की आयु सीमा प्रवेश हेतु उपयुक्त नहीं होने के कारण निरस्त हो गए। इस दौरान उन्होंने चयनित 50 विद्यार्थियों की जानकारी अभिभावकों देते हुए बताया कि प्रवेश फार्म संबंधी अन्य दस्तावेज 20 मई तक जमा किए जा सकेंगे।

### ब्लेड से वार कर हत्या का प्रयास, सात साल की सजा

**भिलाई।** ब्लेड से हमला कर हत्या का प्रयास मामले में जिला सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी युवक को सात साल सश्रम कारावास की सजा दी है। एक हजार रुपए अर्थदंड भी देने होंगे। अर्थदंड नहीं देने की स्थिति में अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

# खेल-खेल में शिक्षा, प्रभावी सम्प्रेषक बनाने तथा सीखने के प्रति बच्चों में उत्साह पैदा करने दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में विकासखंड के 156 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व शिक्षकों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पूर्व प्राथमिक शालाओं से प्राथमिक शाला के बीच सहज पारगमन सुनिश्चित करने के लिए विद्यार्थियों हेतु उचित व भयमुक्त वातावरण निर्माण करना इस प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य है। खेल-खेल में शिक्षा, गतिविधियों के आधार पर सीखने के आयाम, उचित स्वास्थ्य व खुशहाली, प्रभावी सम्प्रेषक बनाना तथा सीखने के प्रति बच्चों में उत्साह पैदा कैसे किया जाए

### बालवाड़ी प्रशिक्षण के माध्यम से वातावरण निर्माण



#### आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश

महिला एवं बाल विकास की सोनी व दीक्षित मैडम ने भी मास्टर्स ट्रेनर की भूमिका निभाई। तीन दिनों तक चले इस कार्यक्रम में मास्टर्स ट्रेनर सुखचैन दास जोशी, महेंद्र वर्मा व हरि केड़िया ने बालवाड़ी कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से हुमा नाज, नीरज ध्रुवे व प्राची ध्रुवे ने भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों को बच्चों के साथ कैसे कार्य करना है पर समझ बनाई। अंतिम दिवस पर सहायक मिशन समन्वयक कमल नारायण शर्मा ने भी प्रशिक्षार्थियों को बालवाड़ी में प्राप्त खिलौनों, पुस्तकों व सहायक सामाग्री के बेहतर उपयोग व आपसी समन्वय से पूरे कार्यक्रम का संचालन करने का निर्देश दिया। उक्त प्रशिक्षण को सफल बनाने में होरीलाल मिर्झा, प्रधानपाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला साजा का विशेष सहयोग रहा।

इसके लिए सभी को प्रशिक्षण दिया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी साजा नीलेश कुमार चंद्रवंशी तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बीडी बघेल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की। बालवाड़ी कार्यक्रम को प्रारम्भ हुए यह तीसरा वर्ष है जिसमें प्रथम बार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व शिक्षकों को एक साथकन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में विकासखंड के 156 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व शिक्षकों को तीन दिनों तक प्रशिक्षित किया गया। उक्त कार्यशाला में प्रथम दिवस डाइट बेमेतरा प्राचार्य धृतलहरे, वरिष्ठ व्याख्याता जे.एल. खुटियारे, थलज कुमार साहू व तिवारी मैडम का दिशा निर्देश भी प्राप्त हुआ।

आयोजन : बालवाड़ी शिक्षिकाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया गया प्रेरित

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनके बीच कराएं रोचक गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के दिशा निर्देशन में विकासखंड नवागढ़ के बीआरसी

- नवागढ़ के बीआरसी भवन में किया गया तीन दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

भवन में बालवाड़ी योजना को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। 14 मई से आयोजित कार्यशाला में नवागढ़ विकासखण्ड के 206 बालवाड़ी की शिक्षिकाएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ एलएन बांधे एवं नवागढ़ बीआरसी सोनूराम साहू ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एलएन बांधे एवं बीआरसी श्री साहू ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर केंद्र में बच्चों के समग्र विकास के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उसके बाद जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने ईसीसीई अर्थात बालवाड़ी के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अवधारणा थीम आधारित गतिविधियां मनोरंजक खेल के माध्यम से बच्चों के समझ विकास के लिए गतिविधियां एवं गीत कविता आधारित शिक्षण से बच्चों को कैसे सिखाना है बहुत ही रोचक तरीके से बताया गया। वहीं श्री खुटियारे ने पंथी गायन के माध्यम से सबको ज्ञान प्राप्ति के लिए प्रेरित किया।

### 206 बालवाड़ी की शिक्षिकाएं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हो रही शामिल



### रोचक गतिविधियों के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण

मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 20 के अंतर्गत नई शिक्षा नीति पद्धति के शिक्षण सामग्री का व्यवस्थित रुप प्रस्तुत किया। इसके तहत स्कूल रेडिनेस की बात को विस्तार से बताया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स रानू मिश्रा, पंचराम साहू, सुकालदास बंजारे, अजीम प्रेम जी फाउंडेशन से अंजली सिंह, श्री जोबन तथा समेसर स्कूल की नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने बहुत ही रोचक गतिविधियां कराईं। इस दौरान बहुभाषा पर आधारित, उत्साहवर्धन गतिविधियां, बॉटल क्रास करना, कान पकड़ें, बालगीत, ताली चुटकी, संख्या पर आधारित गतिविधि, जेंडर पर आधारित, बच्चों की स्वतंत्रता को महत्व देना जैसी अनेक गतिविधियां कराई गईं। प्रशिक्षण में समेसर विद्यालय की नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू द्वारा विशेष सहयोग प्रदान करने के साथ ही विविध गतिविधियों की भी प्रस्तुत दी गई।

# जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 20 से




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में अयोजित

- 10 जून तक चलने वाले प्रशिक्षण में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के खिलाड़ी हो सकते हैं शामिल
- जिला मुख्यालय के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में होगा

किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर से खिलाड़ी खेल विधाओं की जानकारी से अवगत होंगे जो उनके कौशल विकास में सहायक होगी। इससे जिले में खेल का वातावरण बनेगा और खिलाड़यिों का रुझान भी बढ़ेगा। प्रशिक्षण शिविरों से खिलाड़ी खेल से रूबरू होते हैं। खेल की बारिकियों, तकनीकी कौशल से भी अवगत होते हैं। नए खिलाड़ियों को खेल के प्रति जागरुकता व आकर्षण भी बढ़ता है।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन राज्य के 33 जिलों मे किया जा रहा है। बेमेतरा मे यह आयोजन 20 मई से 10 जून तक होगा।

प्रशिक्षण शिविर जिला मुख्यालय में स्थानीय स्तर पर रुचि के आधार पर खेल विशेष के प्रशिक्षकों, खेल से जुड़े हुए संघ, संस्थाओं के माध्यम से प्रातःकाल एवं संध्याकाल में दो-दो घंटे का प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। जिले में उप्लब्ध संसाधनों के आधार प्रशिक्षण शिविर मे ओलम्पिक में शामिल खेलों को प्राथमिकता देते हुए फुटबाल, खो-खो, योगा, क्रिकेट और कराटे को सम्मिलित किया जा रहा है। 21 दिवसीय प्रशिक्षण में जिले के ग्रामीण /शहरी क्षेत्र के खिलाड़ी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# डेंगू संबंधी जानकारी देने रवाना हुआ जागरूकता रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




देशभर में 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष इसका आयोजन थीम समुदाय की सहभागिता से डेंगू नियंत्रण करें।

- राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर आयोजन

जिले में कार्यक्रम का आयोजन आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय एवं समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में किया गया। इसका उद्देश्य डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी की रोकथाम व बचाव के संबंध में जनजागरुकता फैलाना हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतराम चुरेन्द्र व जिला नोडल अधिकारी सह-जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड द्वारा जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डेंगू बीमारी संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू का मच्छर साफ व स्थिर पानी में पनपता है। डेंगू बीमारी के प्रमुख लक्षण अचानक तेज बुखार, तेज सिर दर्द, मांस पेशी व जोड़ों में दर्द, जी मचलाना, उल्टी आतरिक रक्त स्त्राव, आँखों के पीछे दर्द, नाक व मसूड़े में खून आना इत्यादि है। इन लक्षणों से पीड़ित मरीजों का तत्काल जांच कर समुचित इलाज दिया जाना चाहिए, जो कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो एवं जिला चिकित्सालय में निःशुल्क उपलब्ध है। साथ ही मच्छर एवं लार्वा स्त्रोत नियंत्रण गतिविधि के अंतर्गत जमे हुए पानी में मिट्टी का तेल एवं जला हुआ मोबिल ऑयल डालें। घर के आसपास के गड्ढों में पानी एकत्रित न होने दें। कूलर की नियमित सफाई करें, टायर व पुराने बर्तन में जमा पानी को फेंक दें, सहगन्य मच्छरदानी को कीटनाशक से उपचारित कर उपयोग में लाए।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतराम चुरेन्द्र जिला नोडल अधिकारी, सह-जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता बंजारे, वीबीडी पर्यवेक्षक गुलाबचंद साहू एवं समस्त अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित हुए।

# जिला अस्पताल में डॉ. शिल्प ने सफलता के साथ की सिंडैक्टली रिपेयर सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला अस्पताल की आर्थो सर्जन डॉ. शिल्प वर्मा ने अस्पताल में आए मरीज गिरीश निषाद पिता रोहित निषाद उम्र 13 वर्ष जिला मुख्यालय स्थित ग्राम अमोरा बीजाभाट निवासी की दोनों उंगली

- मरीज की हालत सामान्य

मध्यमा और अनामिका जन्म से जुड़ी हुई थी। हाथों से सामान्य कार्य करने में समस्याओं का सामना करना पड़ता था। निदान के रूप में डॉ.शिल्प वर्मा ने सर्जरी का रास्ता बताया। मरीज की सहमति पर डॉ. वर्मा ने अपने सहयोगी स्टाफ के साथ सर्जरी कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। मरीज सुखद अनुभव कर रही है। उनके परिजनों ने डॉक्टर, स्टाफ को इसके लिए आभार व्यक्त किया।



### क्या है सिंडैक्टली रिपेयर सर्जरी

सिंडैक्टली रिपेयर सर्जरी में जिनकी उंगलियों के रूप और कार्य को अनुकूलित करने के लिए उंगलियों और नाखून की सिलवटों के बीच पूर्व वेबबेड स्थान का पुनर्निर्माण, साथ ही उचित त्वचा ग्राफ्टिंग कर दोनों उंगलियों को अलग किया जाता है । इस प्रकार की सर्जरी जिले में पहली बार डॉ.शिल्प वर्मा आर्थो सर्जन जिला चिकित्सालय ने की है।

संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# जिपं सीईओ ने बेरला जनपद के गांवों में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल ने जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत बावनलाख, भिलौरी, लावातरा, लेंजवारा एवं आंदू में नरेगा, प्रधानमंत्री आवास एवं एसबीएम के कार्यों का निरीक्षण किया। मनरेगा अंतर्गत बावनलाख ग्राम पंचायत में नरेगा कार्य स्थल में संबंधित तकनीकी सहायक एवं मेट को मापपंजी अपडेट करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन बावनलाख ग्राम पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई के लिए सचिव को निर्देशित किया गया। साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत महिला समूहों को घर-घर से कचरा एकत्र कर गांव को स्वच्छ रखने हेतु चर्चा किया गया एवं कार्यरत



समूह महिला को समय पर स्वच्छता कार्य का शुल्क प्रदान करने एवं सुरक्षा कीट प्रदाय करने हेतु ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत बावनलाख, भिलौरी में कूड़ा पृथककरण शेड का एवं ग्राम पंचायत आंदू में बायोगैस प्लांट का भी निरीक्षण किया गया। जहाँ कचरा संग्रहण एवं पृथककरण करने के लिए महिलाओं से चर्चा की। चर्चा के दौरान महिलाओं ने ट्राइसिकल के खराब होने की जानकारी दी, जिसे सचिव ग्राम पंचायत को मरम्मत किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अपूर्ण आवासों का निरीक्षण किया गया, जिसमें बरसात के पूर्व सभी आवास को पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को निर्देशित किया गया। उक्त निरीक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बेरला, सहा.परि.अधि. नरेगा, जिला समन्वयक एसबीएम, कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत बेरला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने किया बदमाश संतोष को जिलाबदर

**भिलाई।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा गुण्डा बदमाश संतोष झा के अपराधिक आचरण,प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने,आम जनता में अमन-चैन, कानून शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत जिलाबदर की कार्रवाई की गई है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार चौहान टाउन, ए-2/24 जुनवानी निवासी संतोष झा को राजस्व जिला दुर्ग और सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, बालोद, धमतरी जिला की सीमाओं से एक सप्ताह के भीतर हटने और बाहर रहने को कहा गया है।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

